## नियम 143 : किसी ऋणग्रस्त रकम से कटौती द्वारा वसूली

जहां अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों में से किन्हीं उपबंधों के अधीन सरकार के प्रति किसी व्यक्ति द्वारा (जिसे इस अध्याय के उपबंधों के अधीन नियमों में ''व्यतिक्रमी'' कहा गया है) संदेय की रकम संदत्त नहीं की जाती है, वहां उचित अधिकारी, **प्ररूप जीएसटी डीआरसी–09** में विनिर्दिष्ट अधिकारी से, धारा 79 की उपधारा (1) के खंड (क) के उपबंधों के अनुसार ऐसे व्यतिक्रमी के प्रति किसी ऋणग्रस्त रकम से उक्त रकम की कटौती करने की अपेक्षा कर सकेगा।

**स्पष्टीकरण**–इस अध्याय के नियमों के उपबंधों के अधीन नियमों के प्रयोजनों के लिए ''विनिर्दिष्ट अधिकारी'' से केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार या किसी संघ राज्यक्षेत्र की सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकरण या बोर्ड या निगम या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र की सरकार या स्थानीय प्राधिकरण के पूर्ण या भागतः स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी कंपनी का कोई अधिकारी अभिप्रेत है।